श्री बाबु लाल शौर्य, माननीय स0वि0स0/श्री राजेश कुमार, माननीय स0वि0स0/श्री उदय कुमार सिंह, माननीय स0वि0स0/श्री विष्णु देव पासवान, माननीय स0वि0स0 एवं श्री मिथुन कुमार, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना संख्या-03/26 के संबंध में

परबत्ता विधान सभा क्षेत्र के गोगरी प्रखंड के सर्किल नं0-1 में बरसात के बाद भी कोशी नदी का लेवल नीचे जाने के बावजूद उक्त क्षेत्र के 1000 एकड़ से ज्यादा जमीन पर पानी निकासी के अभाव में जलजमाव लगभग सालों भर रहता है ।

उक्त क्षेत्र में गाद भर जाने के कारण स्लूईस गेट से पानी भी नहीं निकल पाता है एवं इस कारण किसानों को बुआई में हमेशा समस्या होती है या देर होने के कारण फसल की क्षति होती है ।

अतः मैं कोशी नदी के उक्त प्रभावित क्षेत्र से गाद निकलवाने हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।

<u>सरकार का वक्तव्य</u>

वस्तुस्थिति यह है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के सर्किल नं0-1 में जल जमाव के निकासी हेतु बदलाघाट नगरपाड़ा तटबंध के कि0मी0 34.50 पर अवस्थित एण्टी फ्लड स्लूईस गेट से बाढ़ अवधि के उपरान्त जल का निकासी हो जाता है । प्राकृतिक रूप से जल जमाव की निकासी स्लूईस गेट के माध्यम से होते हुए कोशी नदी में हो जाता है । वर्तमान में प्रश्नगत स्थल पर पानी के बहाव में कोई बाधा नही है ।

वर्तमान में बदलाघाट नगरपाड़ा तटबंध के कि0मी0 34.00 पर एक अदद् एण्टी फ्लड स्लूईस गेट निर्माणाधीन है, जिसे बाढ़ अवधि से पहले पूर्ण करा लिया जायेगा ।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(सम0)–01–03/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–190 दिनांक–18.03.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–03/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(सम0)–01–03/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(सम0)–01–03/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(सम0)–01–03/2026– 2253 पटना, दिनांक– 21/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21.05.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.05.26